दिनांक : 26.07.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्रास में करगिल विजय दिवस की पच्चीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर इस युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी।
- सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।
- दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान में खरीदे जाने वाले या बेचे जाने वाले भूमि की वास्तविक स्थिति के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने को कहा गया है।
- दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से लिटिल अंडमान में कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान और अनीमिया मुक्त जिला अभियान की शुरूआत की गई है।
- मायाबंदर के नेताजी खेल परिसर में डी सी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्रास में करगिल विजय दिवस की पच्चीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर इस युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लद्दाख की ये महान भूमि करगिल विजय दिवस की पच्चीसवीं वर्षगांठ की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि करगिल विजय दिवस हमें यह बताता है कि देश के लिए दिया गया बलिदान अमर है। जम्मू—कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों पर पाकिस्तान की आलोचना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान अतीत में भी अपने सभी नापाक प्रयासों में विफल रहा है, लेकिन वह आतंकवाद और छद्म युद्ध का सहारा लेकर स्वयं को प्रासंगिक बनाए रखने के प्रयास कर रहा है। श्री मोदी ने देश के रक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन डेढ़ लाख करोड़ रूपए से अधिक हो गया है। प्रधानमंत्री ने अग्निपथ योजना के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह देश में होने वाले महत्वपूर्ण सुधारों में से एक है और इससे भारत का सामर्थ्य बढ़ेगा। श्री मोदी ने कहा कि देश के युवाओं को गुमराह करने वाले ये लोग अतीत में भी सशस्त्र बलों के प्रति कोई सम्मान नहीं रखते थे। करगिल युद्ध के दिनों को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे देश के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में करगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के परिसर में करगिल युद्ध शहीद स्मारक पर समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शहीदों को उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए याद किया गया और श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य, गणमान्य व्यक्तियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उधर, खालसा पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में एन सी सी के सेना इकाई के लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज मुदगिल और नौसेना इकाई के लेफ्टिनेंट कमांडर रियाज़ फारूख उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डीब्रेट में भी कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने गृह मंत्री को एक पत्र सौंपा, जिसमें एस ई बी सी का वर्गीकरण करने और द्वीपों में सामाजिक—आर्थिक सर्वेक्षण कराने का अनुरोध किया। श्री रे ने कहा कि द्वीपसमूह में विभिन्न वर्गों और समूह के लोग स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं और इनमें से कई लोग आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं। सांसद ने कहा कि सामाजिक—आर्थिक सर्वेक्षण से विभिन्न श्रेणियों के लोगों की पहचान हो सकेगी और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान में भूमि की खरीद करने और इस संबंध में खरीदे जाने वाले या बेचे जाने वाले भूमि की वास्तविक स्थिति के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने को कहा गया है। दोनों ज़िला उपायुक्त कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि आम जनता को आवासीय और अन्य उद्‌देश्यों के लिए कृषि भूमि को प्लॉटिंग के रूप में खरीदा और बेचा जा रहा है और इस बारे में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन भी दिए जा रहे हैं। कुछ एजेंटो द्वारा कृषि या पहाड़ी भूमि पर घरों के निर्माण के बारे में गलत जानकारियां भी दी जा रही है। ज़िला प्रशासन ने कहा है कि किसी भी भूमि का सब–डिविजन या डाइवर्सन का कार्य अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भू–राजस्व और भू–सुधार विनियम उन्नीस सौ छियासठ के तहत किया जा रहा है। आम जनता को इस तरह के कार्रवाई में शामिल न होने को कहा गया है। जिला प्रशासन भी ऐसे अवैध गतिविधियों पर कड़ा रूख अपनाएगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से लिटिल अंडमान में कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान और अनीमिया मुक्त जिला अभियान की शुरूआत की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हटबे के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा और एस डी एम विनायक चमाड़िया ने इसका उद्‌घाटन किया। कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान में आवश्यक पोषण सामग्रियों के जरिए कुपोषण पर काबू पाया जा सकेगा और इससे स्वास्थ्य देखभाल में और सुधार आएगा। अनीमिया मुक्त ज़िला अभियान के जरिए गर्भवती महिलाओं में अनीमिया को कम करने में मदद मिलेगी। दक्षिण अंडमान ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी और अनिम्स के संयुक्त प्रयासों के जरिए विशेषज्ञों द्वारा अभियान के दौरान व्यापक स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराया जाएगा। इन दो कार्यक्रमों के अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हटबे में बाल प्रजनक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। उद्‌घाटन अवसर पर ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने इस समस्या के निवारण के लिए सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गैर सरकारी संगठनों, व्यक्तिगत लोगों और अन्य से आगे आने तथा कुपोषित और अनीमिया से ग्रसित महिलाओं को पोषण सामग्रियों का वितरण कर सहयोग देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ज़िले में समान स्वास्थ्य देखभाल देने के लिए ज़िला प्रशासन प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने में स्वास्थ्य विभाग तथा अनिम्स के पेशेवर तथा विशेषज्ञों की सेवाएं अति महत्वपूर्ण है।

<><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा और नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा ने अवकाश प्राप्त सहायक निदेशक जंगलीघाट निवासी नवरिन्दर लाल के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे तिहत्तर वर्ष के थे। शव यात्रा कल दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><>

मायाबंदर के नेताजी खेल परिसर में डी सी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने आज इसका उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने में लाभ मिलेगा। पन्द्रह अगस्त तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में द्वीपसमूह के विभिन्न भागों से कुल पन्द्रह टीमें भाग ले रही है।

उधर, पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में लडकों के चौदह वर्ष आयु वर्ग में आज कुल पांच मैच खेले गए। जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में खेले गए मैचों में स्कूल लाईन स्कूल, निर्मला और केन्द्रीय विद्यालय नम्बर–एक की टीमें विजयी रही। भातुबस्ती स्कूल मैदान में खेले गए मैचों में एन सी एस और सेंट मेरीज़ की टीम ने अपने–अपने प्रतिद्वंदियों को मात दी।

<><><><><><>

आम जनता तक मौसम की जानकारी और बेहतर तरीके से पहुंचाने के लिए स्थानीय मौसम कार्यालय ने भी अब सोशल मीडिया पर जानकारियां साझा करने का निर्णय लिया है। मौसम की ताजा स्थिति और पूर्वानुमान के बारे में फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्वीटर पर भी जानकारियां अब साझा की जाएगी।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। लांग आइलैंड में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तेरह दशमलव सात मिलीमीटर, ननकौड़ी में पांच, हटबे में तीन दशमलव आठ, पोर्ट ब्लेयर और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तीन दशमलव चार तथा कार निकोबार में दो मिलीमीटर वर्षा हुई। एक अगस्त तक की सुबह साढ़े आठ बजे तक के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के कई भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

**<><><><><><><>**